<u>प्रेस नोट</u>

पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात के निर्देशन में दिनांकः- 18.11.2026 को जनपद में अपराधियों के विरुद्ध व अपराध नियन्त्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं जनपद में शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु की गयी कार्यवाही का विवरणः

- थाना रनियां पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 219/2026 धारा 60 आबकारी अधिनियम से सम्बन्धित अभियुक्त अजय सिंह पुत्र सीताराम सिंह निवासी ग्राम बिल सराय थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।

- थाना डेरापुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0- 151/26 धारा 305(a)/331(4)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्तगण 1. मुन्ना उर्फ़ रफीक पुत्र अब्दुल रसीद निवासी सहता थाना गजनेर जनपद कानपुर देहात उम्र करीब 45 वर्ष(वांछित), 2.गौरीशंकर पुत्र चन्द्रशेखर निवासी बारातरगाँव थाना घाटमपुर जनपद कानपुर नगर उम्र करीब 25 वर्ष(वांछित) को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई।

- थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 417/2 धारा 65(1)/137(2)/87/352/351(3)/61(2) BNS व 3(2)5/3(1)(द)/3(1)(ध) SC/ST ACT व 3/4(2) पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त गौतम चौहान पुत्र राममिलन उम्र करीब 19 वर्ष निवासी आहन थाना किराकत जनपद जौनपुर वाँछित को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गई।

जनपद में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु जनपद पुलिस द्वारा 21 व्यक्तियों के विरुद्ध थानावार क्रमशः जिसमें थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना रूरा पुलिस द्वारा 05 व्यक्तियों, थाना देवराहट पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना भोगनीपुर पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति, थाना राजपुर पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियों, थाना मंगलपुर पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना रसूलाबाद पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों, थाना सिकंदरा पुलिस द्वारा 01 व्यक्ति व थाना सट्टी पुलिस द्वारा 04 व्यक्तियों का धारा 170/126/135 बीएनएसएस के अन्तर्गत चालान किया।